संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा
मध्यप्रदेश भोपाल

MAGNIFICENT MP

क्रमांक / निज.सहा. / 2020 / 499 भोपाल,दिनांक 27 / 07 / 2020

प्रति,

आयुक्त,
जनसंपर्क संचालनालय,
बाणगंगा, भोपाल (म.प्र.)

विषयः प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के संबंध में।

---oo---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि यह जानकारी संज्ञान में आयी है, कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों से दूरभाष पर पेंशनर बैंक खाता एवं एम्पलाई डेटाबेस अपडेट करने के नाम से बैंक खाता आदि की जानकारी मांगी जा रही है। जो कि इस संचालनालय एवं आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा अवांछनीय है।

अतः इस संबंध में दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित किये जाने हेतु संलग्न विज्ञप्ति आपकी ओर प्रेषित है।
(प्रमुख सचिव वित्त द्वारा अनुमोदित)

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

संचालक 27/7/20
पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा
म.प्र.

पृ0क्रमांक / निज.सहा. / 2020 / भोपाल,दिनांक / 07 / 2020

प्रतिलिपिः–

जनसंपर्क अधिकारी, जनसंपर्क संचालनालय, बाणगंगा भोपाल की ओर सूचनार्थ।

संचालक
पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा
म.प्र.

DoPPFI

Scanned with CamScanner

//विज्ञप्ति//

यह जानकारी संज्ञान में आई है कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों से दूरभाष पर पेंशनर बैंक खाता एवं एम्लाई डाटाबेस अपडेट करने के नाम से बैंक खाता आदि की जानकारी मांगी जा रही है।

पेंशन प्राधिकार पत्र जारी होने के उपरान्त पेंशनर से संबंधित किसी भी जानकारी के अपडेशन का कार्य संबंधित बैंक द्वारा ही किया जाता है। संचालनालय कोष एवं लेखा एवं संचालनालय पेंशन द्वारा अपडेशन संबंधी कोई भी कार्यवाही नहीं की जाती है।

अतः यह स्पष्ट किया जाता है, कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुर्भावनापूर्वक एवं धोखाधड़ी आदि के उद्धेश्य से उपरोक्तानुसार जानकारी प्राप्त किया जाना प्रतीत होता है। संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा, संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा किसी भी कर्मचारी अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की उपरोक्तानुसार जानकारी दूरभाष पर व्यक्तिशः प्राप्त नहीं की जा रही है। यदि दूरभाष पर ऐसा कोई संदेश प्राप्त होता है, तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देकर वैधानिक कार्यवाही की जाने की सलाह है।

आयुक्त, कोष एवं लेखा म.प्र., भोपाल।	संचालक, पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा म.प्र., भोपाल।

Scanned with CamScanner